DTP–3431
23/02/2026

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, अवैतनिक पुस्तकालयाध्यक्ष, निदेशक, इंचार्ज, कार्य अधीक्षक, उपकुलसचिव, सहायक कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

विषयः संकायों/विभागों में डी0एस0सी0 (Digital Signature Certificate) निर्माण हेतु नाम उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृप्या पत्र संख्या डी.टी.पी.2331–40, दिनांक 13.02.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय में ई–ऑफिस प्रणाली के सुचारू संचालन हेतु प्रत्येक संकाय/विभाग से तीन (03) व्यक्तियों का डी0एस0सी0 (Digital Signature Certificate) बनाया जाना है।

अतः डी0एस0सी0 हेतु प्रत्येक संकाय/विभाग से निम्नलिखित पदों में से तीन नाम उपलब्ध कराये जाने का कष्ट करें –

1. विभागाध्यक्ष
2. कार्यालय अधीक्षक
3. वरिष्ठ सहायक/कनिष्ठ सहायक

जिन विभागों में कार्यालय अधीक्षक अथवा वरिष्ठ/कनिष्ठ सहायक के पद नहीं हैं उन विभागों में विभागाध्यक्ष स्तर पर ही नाम नामित किये जायेगे।

यह व्यवस्था केवल संकायों/विभागों के लिए लागू होगी।

कृपया उपरोक्तानुसार शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के डी0एस0सी0 फार्म बिना किसी संलग्नक के विवरण सहित शीघ्र डी0टी0पी0 कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि डी0एस0सी0 निर्माण की आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जा सके।

भवदीया

(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः

1. सचिव, कुलपति जी, माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. उपकुलसचिव, सहायक कुलसचिव के सूचनार्थ।
3. इंचार्ज, वेबसाइट, लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

कुलसचिव